# डिजिटल जाल में फंसे ठग, कानून ने किया गेम ओवर

▶ 16 ई–एफआईआर, 19 .58 लाख की राशि रिफंड, 18 गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** डिजिटल दौर में बढ़ते सायबर अपराधों पर रतलाम पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए ठगों के खिलाफ बड़ा अभियान छेड़ दिया है। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 16 ई–एफआईआर दर्ज कर 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया, वहीं करीब 19.58 लाख रुपए की ठगी गई राशि पीड़ितों को वापस दिलाकर बड़ी राहत पहुंचाई है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि सायबर फ्रॉड संबंधी शिकायतों पर तुरंत प्रकरण दर्ज कर सायबर सेल की सहायता से ठगी गई राशि को शीघ्र होल्ड कराते हुए फरियादियों को वापस दिलाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसी क्रम में सभी थानों पर सायबर सेल से प्रशिक्षित एक–एक पुलिसकर्मी को 'सायबर योद्धा' के रूप में तैनात किया गया है, जो सायबर फ्रॉड की शिकायतों पर तत्काल तकनीकी सहायता प्रदान कर रहे हैं।

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार 1 लाख से अधिक की सायबर ठगी की शिकायतों पर तुरंत ई–एफआईआर दर्ज की जा रही है।

## ▶ पुलिस ने 49 लाख 70 हजार 306 की राशि की होल्ड

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन में रतलाम पुलिस द्वारा अब तक 16 ई–एफआईआर पर असल कायमी की गई है। इन प्रकरणों में सायबर सेल की सहायता से 49,70,306 की ठगी गई राशि होल्ड कराई गई तथा संबंधित प्रकरणों में माननीय न्यायालय द्वारा फरियादियों को राशि रिफंड करने के आदेश जारी किए गए हैं। अब तक इन प्रकरणों में से 19,58,199 की राशि फरियादियों के खातों में वापस कराई जा चुकी है, जबकि शेष राशि लौटाने की प्रक्रिया जारी है। कार्रवाई के दौरान 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अतिरिक्त, ई–एफआईआर से संबंधित सायबर फ्रॉडस्टर्स द्वारा उपयोग किए जा रहे 168 मोबाइल नंबरों को ब्लॉक कराया गया है, जिससे आगे होने वाली ठगी की संभावनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

रतलाम पुलिस द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन या निकटतम पुलिस थाने में सूचना दें, ताकि समय रहते राशि को सुरक्षित किया जा सके। रतलाम पुलिस सायबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं नागरिकों की सुरक्षा हेतु सतत प्रयासरत है।

# अत्याचार मामलों में ढिलाई नहीं, त्वरित राहत पर प्रशासन सख्त




**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में अत्याचार से संबंधित लंबित राहत प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए त्वरित निराकरण पर जोर दिया गया। कलेक्टर ने पुलिस विवेचना में लंबित मामलों पर गंभीरता दिखाते हुए अजाक थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि जिन प्रकरणों में जाति प्रमाण पत्र के अभाव में देरी हो रही है, उन्हें सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को प्रेषित किया जाए। सहायक आयुक्त को निर्देशित किया कि एसडीएम स्तर पर पत्र जारी कर प्रकरणों को टीएल (टाइम लिमिट) में शामिल कर राहत राशि का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने अन्य जिलों को भेजे गए प्रकरणों की स्थिति पर भी जानकारी आगामी बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। पीड़ितों को समय पर राहत मिलना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में रतलाम ग्रामीण विधायक मथुरालाल डामर, जनप्रतिनिधि प्रभु नेका, राजकुमार मालवीय, मधु शिरोडकर, डीएसपी अजाक सारवान, जिला लोक अभियोजन अधिकारी लच्छु सिंह गोयल, थाना प्रभारी पार्वती गौड़ तथा सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य रंजना सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### जुआ खेलते 9 आरोपी गिरफ्तार

**रतलाम।** सगोद रिंग रोड पर वृक्ष के नीचे नौ लोग जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने घेरा बंदीकर पकड़ा। उनके कब्जे से 6000 से अधिक की राशि और ताश पत्ती जब्त की। मिली जानकारी के अनुसार दीनदयाल नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 6200 रुपये नगद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए हैं। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी बद्रीलाल पिता पन्नालाल पाटीदार (55) निवासी ग्राम हरथली, संदीप पिता भंवरलाल पिरोदिया जाति जैन (33) निवासी गोपाल गौशाला, राजेश पिता लक्ष्मीनारायण राठौड जाति तैली (57) निवासी 15 भगतपुरी, इदरिश पिता सादिक अली बोहरा (53) निवासी बोहरा बाखल, नवरत्न पिता सुरजमल कटारिया जैन (54) निवासी 123 चाँदनी चौक, गोविन्द पिता छोगालाल सेन (80) निवासी धनजी भाई का नोहरा, भगवतीलाल पिता सीताराम बैरागी (70) निवासी त्रिपोलिया गेट, कैलाश पिता नाथूजी गुर्जर (65) निवासी सागोद, निरंजन पिता भेरूलाल शर्मा (72) निवासी शिवालय कालोनी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### 31 मार्च तक संपत्तिकर और जलकर की बकाया राशि जमा कराने पर मिलेगी पेनल्टी में छूट

**रतलाम।** शासन निर्देशानुसार 31 मार्च 2026 तक संपत्तिकर एवं जलकर के बकायादारों को एक मुश्त बकाया राशि जमा कराने पर अधिभार (पेनल्टी) में नियमानुसार 25 प्रतिशत, 50 प्रतिशत, 75 प्रतिशत एवं 100 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। निगम आयुक्त अनिल भाना ने निगम के संपत्तिकर एवं जलकर के अधिकारी एवं कर्मचारी को निर्देशित किया है कि 31 मार्च तक शासकीय अवकाश दिवसों में भी संपत्तिकर एवं जलकर काउंटर कार्यालयीन समय में खुले रखें ताकि बकायादार अपनी बकाया राशि जमा कराकर अधिभार (पेनल्टी) में छूट का लाभ ले सकें। नागरिक 31 मार्च तक शासकीय अवकाश के दिवसों में नगर निगम के संपत्तिकर व जलकर काउंटर पर संपत्तिकर व जलकर की राशि जमा कराकर दी जा रही अधिभार (पेनल्टी) में छूट का लाभ लें।

### रतलाम में वृद्धजनों के लिए स्वास्थ्य और विधिक सहायता शिविर आयोजित

**रतलाम।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं म. प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सुश्री नीना आशापुरे की अध्यक्षता में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं वृहद विधिक जागरूकता शिविर लक्कड़पीठा स्थित वृद्धाश्रम, रतलाम में शनिवार को आयोजित किया गया। इस अवसर प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा वृद्धाश्रम के आसपास का निरीक्षण किया गया। जिसमें वृद्धाश्रम के पीछे नाले में गंदगी बहुत ज्यादा पायी गई जिससे पानी रूका होने से कचरा एकत्रित हो गया है, जिसे यथाशीघ्र नगर निगम की टीम द्वारा सफाई करवाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही वरिष्ठजन को मिलने वाली सुविधाओं जैसे- भोजन, स्वास्थ्य, मनोरंजन आदि के बारे में जानकारी ली गयी। इस अवसर पर अध्यक्ष द्वारा विशेष रूचि लेकर वृद्धजन की समस्याओं को सुना गया एवं उनके समाधान हेतु जिला प्राधिकरण की टीम को निर्देशित किया गया एवं वृद्धजन को उनके परिवारों में पुर्नस्थापित किये जाने हेतु पहल की गयी। उपस्थितजन को नि:शुल्क विधिक सहायता एवं सलाह प्रदान की गई। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रतलाम द्वारा संचालित उक्त शिविर में जनरल मेडीसिन, स्त्री रोग, नेत्र रोग, नाक कान एवं गला आदि विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध रहे। जिनके द्वारा ब्लड प्रेशर, शुगर जांच, सामान्य जांच, मोतियाबिंद एवं आंखों से संबंधित सभी जांचे आदि करवाई गई। साथ ही कुछ वरिष्ठजन को डॉक्टर्स द्वारा अन्य आवश्यक परीक्षण हेतु जिला चिकित्सालय में बुलवाये जाने हेतु चिकित्सीय परामर्श प्रदान किया गया। जिसकी जिला प्राधिकरण, रतलाम द्वारा मॉनीटरिंग की जावेगी। शनिवार के कार्यक्रम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती सपना भारती कतरोलिया, न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रतलाम नीरज पवैया, जिला विधिक सहायता अधिकारी, न्यायाधीश/जिला रजिस्ट्रार अनुपम तिवारी, न्यायाधीश अरूण सिंह ठाकुर, जिला विधिक सहायता अधिकारी सुश्री पूनम तिवारी एवं जिला चिकित्सालय के डॉक्टर्स एवं नर्सिंग स्टॉफ की टीम, पैरालीगल वालेंटियर्स उपस्थित थे। इस अवसर कुल 26 वृद्धजन को आंखो के चश्मे एवं 05 वरिष्ठजन को स्टिक तथा 06 वरिष्ठजन के आयुष्मान कार्ड बनवाने की प्रक्रिया पीएलव्ही द्वारा की गई।

### दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग शुरू, प्रथम दिन वैचारिक मंथन के हुए चार सत्र

**जावरा।** भारतीय जनता पार्टी के पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत जावरा नगर मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिवस का प्रशिक्षण शिवर शनिवार को स्थानीय अंबिका रिसोर्ट पर शुरू हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ पर विधायक डॉ. राजेंद्र पाण्डेय के साथ वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भारत माता, पार्टी के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित कर वैचारिक अनुष्ठान की शुरुआत की। प्रशिक्षण के पहले दिन कुल चार वैचारिक सत्र आयोजित किए गए। विधायक डॉ. पाण्डेय ने वैचारिक अधिष्ठान विषय पर मार्गदर्शन देते हुए प्रत्येक कार्यकर्ताओं को वैचारिक अधिष्ठान और सिद्धांत पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय अंतिम व्यक्ति का उत्थान के सिद्धांतों के गहराईयों से समझाईश दी गई। द्वितीय सत्र जिला महामंत्री महेश सोनी ने प्रदेश सरकार की योजनाओं को लेकर प्रशिक्षण दिया। तृतीय सत्र में प्रशिक्षण महाअभियान के संभाग प्रभारी व मंदसौर जिला भाजपा पूर्व अध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने बूथ प्रबंधन मन की बात विषय पर अपनी बात रखते हुए संगठन की कार्यप्रणाली, कार्यपद्धति, अनुशासन की

# फैक्ट्री में ले जाकर नाबालिग से किया दुष्कर्म, तीन प्रकरण दर्ज

**नवभारत न्यूज**

**नामली/रतलाम।** एक नाबालिग सहित दो चचेरी बहनों को बहला–फुसलाकर एक फैक्ट्री में ले गए, जहां उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस ने इस मामले में पीड़िता की शिकायत पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नामली थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार, घटना 25 मार्च की रात की है। पीड़ित छात्रा 15 वर्ष अपनी चचेरी बहन 18 वर्ष के साथ एक रिश्तेदार के यहां आयोजित एक कार्यक्रम में गई थी। रात करीब 9:30 बजे, जब दोनों बहनें घर के बाहर बैठी थीं, तभी आरोपी राजवीर पिता बंशीलाल कुमावत मोटरसाइकिल लेकर पहुंचा। उसने दोनों बहनों को 10 मिनट बात करने के बहाने मोटरसाइकिल पर बैठने को कहा। मना करने के बावजूद, वह उन्हें बहला–फुसलाकर नामली स्थित एक अगरबत्ती फैक्ट्री ले गया।

पीड़िता ने बताया कि फैक्ट्री में सुमित पिता रामसिंह जाट और पवन पिता मांगीलाल जाट पहले से मौजूद थे। राजवीर दोनों बहनों को फैक्ट्री के अंदर छोड़कर बाहर से दरवाजा बंद कर चला गया। आरोप है कि सुमित जाट ने पीड़िता के साथ और पवन जाट ने उसकी चचेरी बहन के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। इतना ही नहीं, बाद में आरोपी पवन जाट दोनों को अपने घर ले गया, जहां सुमित और पवन ने पुन: उनके साथ गलत काम किया। घटना के बाद डरी–सहमी दोनों बहनें अगले दिन अपने मामा के घर पहुँचीं। घबराहट के कारण उन्होंने शुरुआत में किसी को कुछ नहीं बताया, लेकिन हिम्मत जुटाकर शनिवार को अपने परिजनों को आपबीती सुनाई। इसके बाद परिजन उन्हें लेकर थाने पहुँचे और रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़ितों के बयान और लिखित शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

# वाहन चोर गिरफ्तार, 4 मोटरसाइकिलें बरामद

▶ थाना स्टेशन रोड पुलिस की बड़ी सफलता



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम एवं चोरी गई संपत्ति की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना स्टेशन रोड पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए रतलाम सहित अन्य जिलों से चोरी गई 04 मोटरसाइकिलें बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

एसपी अमित कुमार के निर्देशन एवं एएसपी विवेक कुमार लाल तथा सीएसपी शहर सत्येंद्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी स्टेशन रोड निरीक्षक जितेंद्रसिंह जादौन के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार दिनांक 18.03.2026 को फरियादी प्रियांशु राठौर की मोटरसाइकिल कोर्ट गेट के बाहर से चोरी होने पर थाना स्टेशन रोड पर अपराध क्रमांक 179/2026 धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदेही धुलिया उर्फ सुनील पिता जोगडिया डामर, निवासी छोटी संगत थाना पेटलावद जिला झाबुआ को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने विभिन्न स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी की निशानदेही पर अलग–अलग स्थानों से 4 बाइकें बरामद की गईं।

**बरामद वाहन:** हीरो पैशन प्रो (एमपी43 डीयू4363) थाना स्टेशन रोड रतलाम क्षेत्र से चोरी। यामाहा आर–15 (एमपी43जेडएच 2052) — थाना स्टेशन रोड रतलाम क्षेत्र से चोरी। पल्सर मोटरसाइकिल (बिना नंबर) — थाना थांदला जिला झाबुआ क्षेत्र से चोरी। हीरो सुपर स्प्लेंडर — पिपलियामंडी जिला मंदसौर क्षेत्र से चोरी।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका:** इस कार्रवाई में थाना प्रभारी स्टेशन रोड निरीक्षक जितेंद्रसिंह जादौन, उप निरीक्षक विजय बामनिया, सहायक उप निरीक्षक मुरली मकवाना, प्रधान आरक्षक जितेंद्रसिंह बघेल, प्रधान आरक्षक विनोद गौड़, आरक्षक रितेश यादव, आरक्षक राकेश निनामा, आरक्षक राहुल मारु, आरक्षक दीपक वसुनिया, आरक्षक गोपाल आंजना, आरक्षक वीरेंद्र सोनी सहित थाना स्टेशन रोड टीम की सराहनीय भूमिका रही।

# जाजम व्यवस्था से डोडियार बने बाप पार्टी सरवन अध्यक्ष



**सैलाना।** आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को ध्यान में रखते हुए भारत आदिवासी पार्टी ने सरवन ब्लॉक की नई कार्यकारिणी का गठन किया। सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार के मार्गदर्शन एवं जिलाध्यक्ष रमेशचंद्र खराडी के नेतृत्व में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से बोरदा निवासी कालूसिंह डोडियार को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया। बक्सूराम खराडी को उपाध्यक्ष, बाबूलाल देवड़ा को ब्लॉक सचिव तथा पवन दामा को मीडिया प्रभारी बनाया। पार्टी द्वारा जाजम पर आयोजित बैठक में लोकतांत्रिक पद्धति से चयन प्रक्रिया अपनाते हुए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। जिलाध्यक्ष रमेशचंद्र खराडी ने बताया कि पार्टी संगठन को मजबूत करने जिलेभर में विस्तार करेंगे। वरिष्ठ नेता कविता भगोरा, संजय सिंह मेड़ा, विश्राम निनामा, कालू डामोर सहित कई जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन संजय मेड़ा व आभार कविता भगोरा ने माना।

# हवन की पूर्णाहुति, महाआरती के बाद करवाया कन्या भोज



**रतलाम।** ऑफिसर्स कॉलोनी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर पर चैत्र नवरात्रि के अवसर पर आयोजित नौ दिवसीय हवन, यज्ञ की पूर्णाहुति पंडित राजेंद्र उपाध्याय पंडित रवि मेहता पंडित शुभ पाठक के वैदिक मंत्रचार के साथ यजमान सुनील मेहता ने परिवार तथा श्रद्धालुओं ने पूर्णा आहुति कर माता रानी की आरती कर, कन्याओं को भोजन प्रसादी करा कर तथा दक्षिणा देकर धर्म लाभ लिया। इस अवसर पर ट्रस्टी शंकरलाल मालवीय,प्रकाश चंद्र व्यास, सुनील राठौर ,उषा भार्गव, संजय जैन,भरत सांखला,अशोक सोमानी, दिनेश परमार, यूं एल जायसवाल,विशाल व्यास, महेश सहित बड़ी संख्या में पुरुष महिला श्रद्धालु उपस्थित रहे।भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसादी ग्रहण की।

## एसपी ने किया आकस्मिक निरीक्षण

**रतलाम।** जिले में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने तथा अंतरराज्यीय अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु एसापी अमित कुमार ने बीती रात थाना कालूखेड़ा, थाना पिपलौदा एवं चौकी सुखेड़ा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी कालूखेड़ा निरीक्षक शंकर सिंह चौहान एवं थाना प्रभारी पिपलौदा निरीक्षक रमेश कोली के साथ दोनों थाना क्षेत्रों से लगे राजस्थान बॉर्डर का भ्रमण किया। इस दौरान अंतरराज्यीय ड्रग तस्करों के संभावित आने–जाने के मार्गों का निरीक्षण कर संबंधित थाना प्रभारियों को सतर्कता बरतने एवं प्रभावी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। एसपी थाना निरीक्षण थाने की व्यवस्था जांची और निरीक्षण किया ।




# सैलानावासियों को 12 वर्षों से नवरात्रि में नीम शरबत पिलाने वाले कटारिया सम्मानित

**सैलाना।** नवरात्रि पर्व के अंतिम दिन रामनवमी पर वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी विमल कटारिया को सम्मानित किया गया। सेवाभावी श्री कटारिया ने 12 वर्षों से बस स्टैंड मेन रोड पर लगाए जा रहे नीम के कड़वे शरबत स्टॉल का इस वर्ष भी सम्मानपूर्वक समापन किया।

पूरे नवरात्रि पर्व के दौरान कटारिया द्वारा राहगीरों, श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को नीम का शरबत पिलाकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। उनका मानना है कि नीम एक प्राकृतिक औषधि है, जो शरीर को शुद्ध करने के साथ–साथ कई बीमारियों से बचाव में सहायक होती है। रामनवमी के पावन अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार संतोष धभाई द्वारा विमल कटारिया एवं उनके मित्र मंडल का श्रीफल एवं शाल भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट अरविंद मुरैरा, दिनेश सोनी, गोपाल महेश्वरी, अशोक चौधरी, देवेंद्र सोलंकी, महेश सांवरिया, ओमप्रकाश पिपलिया, संदीप राका, पीयूष चौहान और प्रमोद भंडारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मनीष सोनी, संदीप मोदी तरुण बाफना,शैलेश चंडालिया, सिद्धपाल सिंह सिसोदिया, अमित शर्मा, लोकेश पांचाल, दिलीप राठौड़, निर्मल पांचाल,नितेश सिसोदिया, ओमप्रकाश कसेरा, राजेश कसेरा, विकास कटारिया सहित मित्र मंडल का विशेष योगदान रहा।

# बरबड़ हनुमान मेले का आज होगा शुभारंभ, 29 व 30 को चंटिया रास

**रतलाम।** बरबड़ मेला परिसर में 2 अप्रैल तक आयोजित होने वाले 5 दिवसीय बरबड़ हनुमान मेले का भव्य शुभारंभ आज को सांय 5 बजे बरबड़ हनुमान मंदिर पर सांय 5 बजे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, मंत्री मध्यप्रदेश शासन एवं विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप व सांसद, रतलाम–झाबुआ अनिता–नागरसिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य, महापौर प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता, पूर्व गृह मंत्री हिम्मत कोठारी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा के विशेष आतिथ्य, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, सामान्य प्रशासन समिति प्रभारी धर्मेन्द्र व्यास, राजस्व समिति प्रभारी दिलीप कुमार गांधी, महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, अनिता कटारा आदि द्वारा पूजा–अर्चना के साथ किया जायेगा। सामान्य प्रशासन समिति प्रभारी धर्मेन्द्र व्यास ने मेले में निगम रंगमंच पर आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि 29 मार्च सांय 5 बजे सुन्दरकाण्ड के साथ मेला शुभारंभ व सांय 7 बजे मेला परिसर में चंटिया रास, 30 मार्च को सांय 7 बजे से चंटिया रास, 31 मार्च को राम मंदिर से सांय 7 बजे हनुमानजी की झांकी व संयुक्त अखाड़े के साथ चल समारोह व सांय 7:30 बजे से सांस्कृतिक मंच पर श्रीरामजी व हनुमानजी पर आधारित भक्ति संध्या, 1 अप्रैल बुधवार को स्टैण्डअप कॉमेडियन शो व लाईव आर्केस्ट्रा, अंतिम दिन कवि सम्मेलन होगा।



# झंडावंदन के साथ महोत्सव की शुरूवात

**जावरा।** नगर में 31 मार्च को आयोजित होने वाले समग्र जैन समाज के भव्य स्वामी वात्सल्य की व्यवस्थाओं को लेकर श्रीसकल जैन श्रीसंघ की जैन पंचायती नोहरा में एक बैठक आयोजित की गई।

आयोजन को सुव्यवस्थित एवं भव्य रूप से संपन्न कराने पर विस्तृत चर्चा की गई। जैन सोशल ग्रुप मेन अध्यक्ष अशोक चोपड़ा ने बताया कि इस वर्ष 31 मार्च मंगलवार को नगर में चल समारोह निकलेगा जो पिपली बाजार जैन मंदिर परिसर पहुंचकर धर्मसभा में परिवर्तित होगा, जहां धर्मसभा का आयोजन किया जाएगा। जैन सोशल ग्रुप पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धरमचंद्र चपड़ोद ने बताया कि समग्र जैन समाज एवं बाहर से आने वाले मेहमानों के लिए विशाल स्तर पर स्वामी वात्सल्य आयोजित किया जाएगा। विभिन्न संगठनों को अलग–अलग जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं। इतने बड़े स्वामी वात्सल्य में भोजन व्यवस्था सुचारू रहे इसके लिए कुल 24 स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें 12 स्टॉल महिलाओं के लिए एवं 12 स्टॉल पुरुषों के लिए बनाए जाएंगे। बैठक में नवनीत सिंह श्रीमाल, सुभाष टुकडिया सहित अन्य वक्ताओं ने अपनी बात रखी। इस अवसर पर जैन सोशल ग्रुप रीजन अध्यक्ष राहुल चपड़ोद, सुभाष डूंगरवाल, कनेश मेहता, विमल सिसोदिया, राजेश बरमेचा, सुशील जैन, अशोक झामर सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

**एक नजर में** ▶ फिलीपिंस के प्रसिद्ध अंग्रेजी लेखक संगठन से कृतज्ञता बोध सैंस ऑफ ग्रेटिटूड पर मानद डाक्टरेट भी मिला

# जीवन में कृतज्ञता के भावबोध को लोगों में जागृत करते डॉ . कारुण्य



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** कृतज्ञता जीवन का सबसे बड़ा अर्जित पुण्य है। हर व्यक्ति के जीवन में, हर पल में अपनी मिट्टी,अपने कर्मक्षेत्र, अपने गुरुजन के प्रति कृतज्ञता दिखना चाहिए ।

नगर के जाने–माने अंग्रेजी शिक्षक – साहित्यकार, भाषाविद् और बहुभाषी कवि डॉ.कारुलाल जमड़ा कारुण्य गत ढाई वर्षों से कृतज्ञता बोध के प्रति जागरूकता का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम चला रहे हैं। उनके अनुसार गत दो वर्षों में उनके स्वयं के भीतर इसका बेहद सकारात्मक प्रभाव पड़ा है और उन्होंने जीवन की अंतिम सांस तक इसमें संलग्न रहने का निर्णय रहा है। इसके पीछे उनकी माता जी की प्रेरणा रही है। अब तक मध्यप्रदेश की पवित्रतम नदियों के तटों जैसे नर्मदा, माही, शिप्रा, चम्बल, शिवना, मलेनी, रोजड़ सहित कई मंदिरों और संत आश्रम पर कृतज्ञोस्मि शीर्षक से नि:शुल्क कृतज्ञता कार्यक्रम का आयोजन कर चुके हैं । अस्सी मिनट के सुनियोजित कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. कारुण्य जीवन में कृतज्ञता की आवश्यकता और भावबोध पर महत्वपूर्ण वैदिक और शास्त्रीय संदर्भ देते हुए भजनों के माध्यम से जीवन में कृतज्ञ रहने का संदेश देते हैं। अपने ईष्ट, गुरुजन, अपने पूर्वजों, बंधु–बांधवों, मित्रों और जीवन में आए प्रत्येक व्यक्ति के प्रति आभारी रहने के आग्रह के साथ कृतज्ञता के भावना से भरे भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति देने वाले डॉ कारुण्य ने बताया कि कृतज्ञोस्मि शीर्षक से चल रहा यह कार्यक्रम असहमति,असंतुष्टि एवं स्वार्थपरायणता के इस दौर में आज की महती आवश्यकता है। इससे आत्मिक शांति मिलती है। दूसरों से शिकायत और शिकवे का भाव धीरे–धीरे तिरोहित होता है और स्वीकार भाव बढ़ता है। उनका यह कार्यक्रम और संकल्पना लोकप्रिय भी हो रही है और लोग ईश्वर के प्रति आभार का भाव लिए अपने घरों में अब विभिन्न अवसरों पर यह आयोजन रख रहे हैं। कार्यक्रम के प्रस्तुतकर्ता डा. कारुण्य साहित्य के क्षेत्र में हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत भाषाओं में गत तीस वर्षों में लगभग एक हज़ार से भी ज्यादा आलेख, संस्मरण,कविताएं लिख चुके हैं और मालवा के सशक्त हस्ताक्षर हैं ।

## ▶ बारह साहित्यिक पुस्तकें हो चुकी प्रकाशित

फिलीपिंस का पोयट्रीप्लेनेट अंग्रेजी लेखक संगठन उन्हें सेंस ऑफ ग्रेटिटूड (कृतज्ञता बोध) पर लिखे डॉक्यूमेंट पर डॉक्टरेट की मानद उपाधि दे चुका है। अंग्रेजी शिक्षक–प्रशिक्षक लेखक जमड़ा की बारह साहित्यिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं और वे अपने माता–पिता के नाम पर स्थापित श्रीकलामोहन भाषा, साहित्य एवं संगीत केन्द्र के निदेशक भी हैं। गांव में अपने विविध कार्यों से वे कृतज्ञता पकर करते रहे हैं। उनके अनुसार उनका शेष जीवन अब शासकीय सेवा के अतिरिक्त इस संकल्पना को बढ़ावा देने के साथ ही व्यतीत होगा। कार्यक्रम के संबंध में उनसे 9009079078 मोबाईल नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।